>

Title: Need to accord permission to the proposal of extension of Metro rail service to rural areas of Delhi particularly under West Delhi Parliamentary Constituency.

श्री महाबल मिश्रा (पश्चिम दिल्ली): आज दिल्ली में जहां चारों तरफ मैट्रो का विस्तार जोर शोर से चल रहा है। पूरे एन.सी.आर. को मैट्रो से जोड़ने की कोशिशें हो रही हैं, वहीं मेरे संसदीय क्षेत्र दिल्ली देहात इलाके के 58 गांव और लगभग 250 अनाधिकृत कालोनियां और इनमें रहने वाले लाखों लोग, नौजवान आज भी मैट्रो सुविधा से वंचित है। ककरौला मौड से आगे दिल्ली देहात के गांवों में मैट्रो के विस्तार का एक प्रस्ताव दिल्ली सरकार ने पास करके केन्द्रीय सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा है, यहां की जनता बार-बार मैट्रो विस्तार की मांग कर चुकी हैं, नजफगढ़ दिल्ली देहात का आधुनिक कनॉट प्लेस बनता जा रहा है। यहां पर कई सरकारी एवं गैर-सरकारी इकाइयों के दफ्तर है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि मैट्रो का दिल्ली देहात तक ले जाने का जो प्रस्ताव दिल्ली सरकार ने केन्द्र सरकार के पास स्वीकृति के लिए भेजा है उसे यथाशीघ्र मैट्रो फेज 3 में स्वीकृत करने की कृपा करें जिससे दिल्ली देहात के लोगों को भी मैट्रो सुविधा का लाभ मिल सके।